मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 8 अंक 258
सोमवार, 06 अप्रैल 2026
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

# पश्चिम बंगाल में 4 मई के बाद टीएमसी के हर पाप का होगा हिसाबः पीएम मोदी

**कूचबिहार, 05 अप्रैल।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कूचबिहार में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कूचबिहार में उमड़ा जनसैलाब इस बात का सबूत है कि बंगाल में अब टीएमसी का समय समाप्त हो चुका है।

प्रधानमंत्री ने कोलकाता के ब्रिगेड ग्राउंड की रैली का जिक्र करते हुए कहा, 'वहां से शुरू हुआ परिवर्तन का महाअभियान अब पूरे बंगाल में फैल चुका है। ब्रिगेड ग्राउंड के उत्साह ने टीएमसी के 'सिंडिकेट' को डरा दिया है और आज कूचबिहार की जनता ने उस बदलाव पर अपनी मुहर लगा दी है।'

पीएम मोदी ने टीएमसी और भाजपा के बीच के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि एक तरफ टीएमसी का डर है, तो दूसरी तरफ भाजपा का भरोसा। उन्होंने कहा, 'एक ओर टीएमसी के 'कटमनी' और भ्रष्टाचार का आतंक है, तो दूसरी ओर विकास की रफ्तार वाली भाजपा की गारंटी। एक ओर घुसपैठियों को बसाने की साजिश है, तो दूसरी ओर उन्हें बाहर निकालकर बंगाल को सुरक्षित करने का हमारा संकल्प है।'



संदेशखाली की घटना का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने भावुक लहजे में कहा कि एक तरफ बेटियों पर अत्याचार और उनकी चीखें हैं, तो दूसरी तरफ नारी शक्ति को सुरक्षा और सम्मान देने वाली मोदी की गारंटी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, 'मैं आपको भरोसा देता हूं कि चुनाव के बाद इनके हर पाप का हिसाब होगा। 4 मई के बाद कानून अपना काम करेगा और चाहे कोई कितना भी बड़ा गुंडा क्यों न हो, न्याय होकर रहेगा।'

प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं के अपमान का आरोप लगाते हुए कहा कि मालदा में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि टीएमसी ने बंगाल की कानून-व्यवस्था का जनाजा निकाल दिया है और जिस बंगाल में कभी लोग रोजगार की तलाश में आते थे, आज उसे पलायन का केंद्र बना दिया गया है।

# खड़े टैंकर से टकराई तेज रफ्तार बोलेरो, 5 लोगों की मौत, 8 घायल

**बरेली, 05 अप्रैल।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसने इलाके में हड़कंप मचा दिया। तेज रफ्तार बोलेरो की खड़े टैंकर से टक्कर में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बच्चे समेत करीब 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा सीबीगंज थाना क्षेत्र के परधोली गांव के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बोलेरो तेज रफ्तार में थी और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े टैंकर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग बुरी तरह फंस गए। शवों को बाहर निकालने के लिए पुलिस को गाड़ी काटनी पड़ी।

हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, घायलों को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। मृतकों और घायलों की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, शनिवार को भी इसी स्थान पर टैंकर और रोडवेज बस की टक्कर हुई थी, जिसके बाद टैंकर सड़क किनारे ही खड़ा रहा। रविवार को उसी खड़े टैंकर से यह हादसा हो गया। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते टैंकर को हटाया गया होता, तो यह हादसा टल सकता था। बताया जा रहा है कि बोलेरो के टैंकर से टकराने के बाद पीछे से आ रही एक बाइक भी उसमें जा भिड़ी, जिससे हादसा और भयावह हो गया। फिलहाल पुलिस ने मौके पर स्थिति को नियंत्रित कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की गहन जांच की जा रही है।



# जौनपुर में खौफनाक वारदातः युवक पर तलवार-चाकू से ताबड़तोड़ हमला

## दोस्त के बुलाने पर पहुंचा युवक, पहले से घात लगाए हमलावरों ने किया जानलेवा हमला

**जौनपुर ( उत्तरशक्ति )।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में रविवार शाम पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया, जब एक युवक को बुलाकर उस पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, तड़तला निवासी 26 वर्षीय हर्ष अग्रवाल को उसके परिचित करन बिंद ने फोन कर मौके पर बुलाया था। जैसे ही वह तूतीपुर मुफ्ती मोहल्ले के पास पहुंचा, पहले से घात लगाए एक दर्जन से अधिक हमलावरों ने उसे घेर लिया और तलवार, चाकू, कुल्हाड़ी व लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल हर्ष अग्रवाल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि लखन बिंद, कार्तिक बिंद समेत कई लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते इस हमले को अंजाम दिया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है और एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है।

# कांग्रेस आई तो जेल जाने को रहें तैयार, राहुल गांधी का असम सीएम को अल्टीमेटम

**असम, 05 अप्रैल।** असम विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राहुल गांधी ने बिस्वनाथ में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर कड़ा प्रहार करते हुए भ्रष्टाचार और परिवारवाद के गंभीर आरोप लगाए।

राहुल गांधी ने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा ने अपने परिवार को भ्रष्टाचार में शामिल कर बड़ी भूल की है। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस के सत्ता में आने पर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। राहुल गांधी ने तीखे लहजे में कहा कि मुख्यमंत्री को उनके किए के लिए माफी नहीं मिलेगी और उन्हें जेल भेजकर ही दम लिया जाएगा।



राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री को देश का 'सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री' करार देते हुए कहा कि वह नफरत की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा घबराए हुए हैं क्योंकि उन्हें पता है कि कांग्रेस के 'बब्बर शेर' उन्हें छोड़ने वाले नहीं हैं।

असम की विविधता का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'असम एक फूलों के गुलदस्ते जैसा है, जहां हर समुदाय इसकी असली ताकत है।' उन्होंने गोरखा समुदाय के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सीमाओं पर देश की रक्षा करने वाले इस समाज ने राष्ट्र को बहुत कुछ दिया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि असम की सरकार दिल्ली से नियंत्रित हो रही है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह के पास मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार का पूरा कच्चा चिट्ठा है, इसलिए हिमंता वही करते हैं जो उन्हें ऊपर से कहा जाता है। उन्होंने फिर दोहराया कि भ्रष्टाचार के इस मामले में अब मुख्यमंत्री का परिवार भी कानूनी कार्रवाई की जद में आएगा। वहीं, गुवाहाटी में कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी के भीतर भारी असंतोष है। उन्होंने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा की हताशा साफ झलक रही है। इमरान ने इस चुनाव को 'नफरत बनाम असम के गौरव' का मुकाबला बताते हुए कहा कि भाजपा के पास दिखाने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है, इसलिए वह बार-बार घुसपैठियों जैसे मुद्दों का सहारा ले रही है। असम में 9 अप्रैल को मतदान होना है और चुनाव के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे।

## चीन का अमेरिका को सीधा संदेशः ईरान पर हमला गैरकानूनी, तुरंत रोको युद्ध

**चीन, 05 अप्रैल।** चीन ने अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए जा रहे हमलों की कड़ी आलोचना की है। भारत में चीन के दूतावास की प्रवक्ता ने कहा कि ये हमले बिना संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंजूरी के किए गए हैं, इसलिए यह अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हैं।

चीन ने खास तौर पर नागरिक ढांचे जैसे पुल, बिजली संयंत्र और अन्य सुविधाओं पर हमलों का विरोध किया है। उसका कहना है कि ऐसे कदमों से मानवीय संकट और गहरा सकता है और क्षेत्र में स्थिति और बिगड़ सकती है।

चीन ने सभी पक्षों से तुरंत सैन्य कार्रवाई रोकने और बातचीत के रास्ते पर लौटने की अपील की है। उसने कहा कि इस संकट का समाधान केवल कूटनीति और राजनीतिक बातचीत से ही संभव है।

# अफगानिस्तान में बाढ़ का कहर, 77 मौतें व 100 से ज्यादा घायल



**अफगानिस्तान, 05 अप्रैल।** अफगानिस्तान में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। 26 मार्च से 4 अप्रैल के बीच देश के कई प्रांतों में आई बाढ़ से कम से कम 77 लोगों की मौत हो गई है और 137 लोग घायल हुए हैं। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, बाढ़ के कारण हजारों लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है। करीब 3,400 घरों को नुकसान पहुंचा है, जबकि सैकड़ों घर पूरी तरह तबाह हो गए हैं। इसके अलावा हजारों एकड़ कृषि भूमि भी नष्ट हो गई है, जिससे किसानों को बड़ा झटका लगा है।

अधिकारियों ने बताया कि चार लोग अभी भी लापता हैं और कई इलाकों में हालात बेहद खराब हैं। सड़कों के टूटने और रास्ते बंद होने के कारण राहत और बचाव कार्य में काफी दिक्कत आ रही है, खासकर दूरदराज के इलाकों में। Zabihullah Mujahid ने बताया कि इस आपदा में 3,000 से ज्यादा जरीब खेती की जमीन बर्बाद हो गई है और 1,000 से अधिक पशुधन की मौत हो गई है, जिससे ग्रामीण इलाकों की अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ा है।

अफगानिस्तान में यह कोई नई समस्या नहीं है। हर साल बारिश के मौसम में इस तरह की बाढ़ आती है और भारी नुकसान करती है। साल 2024 में भी ऐसी ही बाढ़ में सैकड़ों लोगों की जान गई थी और बड़े पैमाने पर तबाही हुई थी। इससे पहले जनवरी में भी भारी बर्फबारी और बारिश के कारण 11 लोगों की मौत हो गई थी और कई घरों को नुकसान पहुंचा था।

# टिम डेविड-रजत पाटीदार के तूफान में उड़ी चेन्नई, सीएसके का अब तक नहीं खुला जीत का खाता

**नई दिल्ली।** टिम डेविड और कप्तान रजत पाटीदार के तूफानी बल्लेबाजी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को 43 रनों से हराया। बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 की लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इससे पहले उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सीजन का ओपनर मैच खेला था, जिसमें 200 से अधिक का स्कोर चेज किया था।

चेन्नई के खिलाफ जीत हासिल कर बेंगलुरु ने दिखाया कि वे गत चैंपियन क्यों हैं। इसी के साथ उन्होंने सभी टीमों के चेतावनी भी दे दी है। वे एक बार फिर से ट्रॉफी उठाने के लिए तैयार हैं। आरसीबी ने पहले बैटिंक करते हुए 250 रन बनाए। इसके



जवाब में सीएसके 207 रनों पर सिमट गई और उन्हें लगातार तीसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा।

बेंगलुरु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 250 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा कर दिया। इसके जवाब में चेन्नई की शुरूआत खराब रही। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पहले ही ओवर में आट हो गए। इसके बाद दूसरे ओवर में आयुष म्हात्रे 1 रन बनाकर आउट हो गए। इसी के साथ चेन्नई ने 10 रनों के स्कोर पर 2 विकेट गंवा दिए थे। संजू सैमसन भी खास कमाल नहीं कर सके और उन्हें 9 रनों के स्कोर पर जैकब डफी ने अपना शिकार बनाया। चेन्नई के लिए सरफराज खान ने अच्छी बैटिंग की और 25 गेंदों पर 50 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 8 चौके और 2 छक्के निकले।

DAKS REHAB CENTRE
(PARALYSIS PHYSIOTHERPHY CENTER AND OLD AGE HOME)
Contact us: 9820519851
विल्डिंग नंबर 3, प्लॉट नंबर 3, आदर्श घरकुल सोसायटी सायन कोलीवाडा जीटीबी नगर मुंबई-37
* Stroke/Paralysis/Complete Rehab Centre
* बाहर से आये रोगी और उनके परिजनो के ठहरने कि व्यवस्था
* वृद्ध लोगों के लिए रहने की सुविधा उपलब्ध
* DM/HT/THYROID इन सब से कैसे बचें
* NGO में मिलनेवाली सहायता को लोगों में देना
* चिकिस्ता उपकरणो को किराये और बिक्री सुविधा उपलब्ध
* एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
* पोस्ट ऑपरेटिव रिहैब सेंटर
* मरीजों के लिए घर पर 12 और 24 घंटे जीडीए परिचारक
* विशेषज्ञ डॉक्टरो से ऑनलाइन और ऑफलाइन परामर्श की सुविधा उपलब्ध
* मासिक ईएमआई के आधार पर व्यक्तीयों, परिवारो और माता-पिता के लिए स्वास्थ्य निती की चिकिस्ता सुविधा उपलब्ध



आर के मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए
सम्पर्क करेः 9199355950

NEW LIGHT CLASSES
TRADITION OF EXCELLENCE
2nd Floor, Sheetal Bldg.
Near Diamond Talkies,
L. T. Road, Borivali (West)
Mumbai - 400 092
Maharashtra
ADMISSIONS OPEN
ALL OVER INDIA
ENROLL NOW



SMART CLASSROOM
(ONLINE/OFFLINE)
Courses Offered
• Std. XI & XII (Sci.)
• NEET
• JEE (Main & Advance)
• MHT-CET
• Polytechnic & Engg
• Physics and Maths (ICSE, CBSE, ISC)
M: 9833240148 | E: edu@newlightclasses.com | W: www.newlightclasses.com

# विवाह संस्था और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच नई खाई


-ललित गर्ग

आधुनिकता के संक्रमणकालीन दौर में सबसे अधिक यदि कोई संस्था प्रश्नों के घेरे में है, तो वह विवाह और रिश्तों की पारंपरिक अवधारणा है। बदलती जीवनशैली, आर्थिक आत्मनिर्भरता, तकनीक, वैश्वीकरण और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बढ़ती चेतना ने रिश्तों की परिभाषा, अपेक्षाएँ और संरचना-सब कुछ बदल दिया है। यही कारण है कि आज रिश्तों से जुड़े प्रश्न केवल सामाजिक विमर्श का विषय नहीं रहे, बल्कि अदालतों तक पहुँच रहे हैं। हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के दो फैसलों ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और विवाह संस्था के बीच उत्पन्न हो रही नाजुक खाई को उजागर किया है। एक निर्णय में न्यायालय ने कहा कि वयस्कों के बीच आपसी सहमति से बना लिव-इन रिलेशनशिप, भले ही एक साथी विवाहित हो, अपराध नहीं है; वहीं दूसरे मामले में न्यायालय ने ऐसे ही एक जोड़े को संरक्षण देने से इनकार कर दिया और कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता के नाम पर पति या पत्नी के कानूनी अधिकारों को कमजोर नहीं किया जा सकता। यह विरोधाभास वास्तव में न्यायिक असंगति से अधिक एक कानूनी रिक्तता और सामाजिक संक्रमण का संकेत है। वास्तव में एक हकीकत यह भी है कि भारतीय समाज में वैवाहिक अधिकारों और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाने वाले एक प्रभावी ढांचे की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जाती रही है। हमें मौजूदा परिदृश्य में यह बात स्वीकार करनी होगी कि यद्यपि विवाह संस्था संरक्षण की हकदार है, फिर भी पुरुष या स्त्री की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को अनिश्चित काल तक इसके अधीन बंधक बनाकर नहीं रखा जा सकता है।

निश्चित ही भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 प्रत्येक व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार देता है और इसी के दायरे में न्यायालयों ने समय-समय पर लिव-इन रिलेशनशिप को अपराध की श्रेणी से बाहर माना है। लेकिन दूसरी ओर, भारतीय कानून विवाह को एक कानूनी और सामाजिक संस्था के रूप में सर्वोच्च प्राथमिकता देता है, जिसमें अधिकार और दायित्व दोनों शामिल हैं। यही वह बिंदु है जहां व्यक्तिगत स्वतंत्रता और वैवाहिक अधिकारों के बीच टकराव उत्पन्न होता है। न्यायालय लिव-इन संबंधों को अपराध नहीं मानता, परंतु उनके सभी परिणामों को वैध मानने में संकोच करता है। यह स्थिति न केवल कानूनी भ्रम उत्पन्न करती है, बल्कि सामाजिक असुरक्षा भी पैदा करती है। वास्तव में समस्या न्यायिक निर्णयों की नहीं, बल्कि स्पष्ट विधायी ढाँचे की कमी की है। यदि व्यापक सामाजिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारतीय समाज इस समय एक बड़े संक्रमणकाल से गुजर रहा है। एक ओर सदियों से स्थापित पारंपरिक जीवन मूल्य हैं, जिनमें विवाह केवल एक अनुबंध नहीं बल्कि एक संस्कार, सामाजिक स्वीकृति और पारिवारिक व्यवस्था का आधार है; दूसरी ओर आधुनिक जीवन की वास्तविकता है, जहाँ व्यक्ति की स्वतंत्रता, आत्म-विकास, करियर, आर्थिक स्वायत्तता और व्यक्तिगत संतुष्टि को भी समान महत्व दिया जा रहा है। विशेष रूप से महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता ने रिश्तों की शक्ति-संतुलन व्यवस्था को बदल दिया है। अब रिश्ते केवल सामाजिक दबाव से नहीं, बल्कि आपसी समझ और संतुष्टि के आधार पर टिके रहते हैं। परिणामस्वरूप, रिश्तों की स्थायित्व की अवधारणा बदल रही है और प्रतिबद्धता अब आजीवन वचन से अधिक एक निरंतर पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया बनती जा रही है।

पिछली पीढ़ियों में विवाह जीवन का अनिवार्य चरण माना जाता था। हमारे माता-पिता और दादा-दादी के लिए विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का संबंध था और जीवन भर साथ निभाना ही उसका लक्ष्य था। लेकिन आधुनिक पीढ़ी रिश्तों को अलग दृष्टि से देख रही है। आज के युवा पहले शिक्षा, करियर और आर्थिक स्थिरता को प्राथमिकता देते हैं, उसके बाद रिश्तों के बारे में निर्णय लेते हैं। कुछ लोग विवाह से पहले साथ रहने का विकल्प चुनते हैं, कुछ रिश्तों को नाम देने से भी बचते हैं और कुछ लोग विवाह के बजाय साझेदारी को अधिक उपयुक्त मानते हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि आधुनिक पीढ़ी रिश्तों को महत्व नहीं देती, बल्कि इसका अर्थ यह है कि वे रिश्तों में स्वतंत्रता, सम्मान, संवाद और समानता को अधिक महत्व देते हैं। रिश्तों में सबसे बड़ा परिवर्तन लिंग भूमिकाओं के बदलाव से भी आया है। पहले पुरुष कमाने वाला और महिला घर संभालने वाली मानी जाती थी, लेकिन आज दोनों काम करते हैं, दोनों निर्णय लेते हैं और दोनों भावनात्मक सहयोग चाहते हैं। आधुनिक रिश्तों में समानता, खुलकर संवाद और साझा जिम्मेदारियों पर जोर है। हालांकि पुरुष और महिलाओं की अपेक्षाएँ पूरी तरह समान नहीं होतीं-अक्सर महिलाएँ भावनात्मक सहयोग और संवाद को अधिक महत्व देती हैं, जबकि पुरुष स्वतंत्रता और बौद्धिक जुड़ाव को महत्वपूर्ण मानते हैं लेकिन इन अंतरों को समझकर ही मजबूत रिश्ते बनाए जा सकते हैं।

आज आत्म-प्रेम और आत्म-देखभाल को स्वार्थ नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन का आधार माना जाने लगा है। तकनीक और सोशल मीडिया ने भी रिश्तों की प्रकृति को गहराई से प्रभावित किया है। सोशल मीडिया ने लोगों को जोड़ने का काम किया है, लेकिन इसके साथ तुलना की संस्कृति भी बढ़ी है। अब लोग अपने रिश्तों की तुलना दूसरों की ऑनलाइन तस्वीरों और पोस्ट से करने लगे हैं, जिससे असंतोष और अवास्तविक अपेक्षाएँ बढ़ती हैं। कई बार डिजिटल दुनिया में मिलने वाला ध्यान वास्तविक रिश्तों की आत्मीयता को कम कर देता है। ऑनलाइन फ्लर्टिंग, डिजिटल बेवफाई और लगातार उपलब्ध रहने की अपेक्षा जैसी नई समस्याएँ भी सामने आई हैं। इसलिए आज डिजिटल सीमाएँ भी उतनी ही आवश्यक हो गई हैं जितनी व्यक्तिगत सीमाएँ।

ऑनलाइन डेटिंग ने रिश्तों की दुनिया को पूरी तरह बदल दिया है। जीवनसाथी ढूँढना पहले परिवार, समाज या परिचितों के माध्यम से होता था, लेकिन अब मोबाइल एप और वेबसाइटों के माध्यम से लोग साथी ढूँढते हैं। इससे विकल्प बढ़े हैं, लेकिन साथ ही रिश्तों की स्थिरता कम हुई है। “स्वाइप संस्कृति” ने रिश्तों को कई बार उपभोक्ता वस्तु की तरह बना दिया है, जहाँ विकल्प हमेशा खुले रहते हैं और प्रतिबद्धता कठिन हो जाती है। इसके बावजूद, यह भी सत्य है कि कई सफल विवाह और रिश्ते भी ऑनलाइन माध्यम से ही बने हैं। इसलिए समस्या तकनीक में नहीं, बल्कि उसके उपयोग की मानसिकता में है। आज की तेज रफ्तार दुनिया में रिश्तों को समय देना भी एक बड़ी चुनौती बन गया है। करियर, प्रतिस्पर्धा, आर्थिक दबाव, सोशल मीडिया और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएँ-इन सबके बीच रिश्ते अक्सर प्राथमिकता सूची में नीचे चले जाते हैं। लेकिन यह भी एक सत्य है कि अंततः मनुष्य को भावनात्मक सहारा, अपनापन और संबंधों की ही आवश्यकता होती है। इसलिए आधुनिक जीवन में रिश्तों को बनाए रखने के लिए संवाद, समय, सम्मान और समझ पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गए हैं।

विभिन्न पीढ़ियों के बीच रिश्तों को लेकर दृष्टिकोण में भी बड़ा अंतर दिखाई देता है। पुरानी पीढ़ी स्थायित्व और त्याग को महत्व देती है, जबकि नई पीढ़ी संतुष्टि और स्वतंत्रता को। पुरानी पीढ़ी रिश्ते बचाने के लिए समझौता करती थी, नई पीढ़ी रिश्ते में सम्मान और खुशी नहीं मिलने पर उसे छोड़ने का साहस रखती है। दोनों दृष्टिकोणों में अपनी-अपनी सच्चाई है। इसलिए आवश्यकता पीढ़ियों के संघर्ष की नहीं, बल्कि संवाद और समझ की है। वास्तव में विवाह बनाम स्वतंत्रता का प्रश्न किसी एक पक्ष की जीत या हार का प्रश्न नहीं है। यह समाज के विकास और परिवर्तन का स्वाभाविक चरण है। विवाह संस्था समाज के लिए आवश्यक है, क्योंकि वह स्थिरता, परिवार और सामाजिक व्यवस्था का आधार है। लेकिन व्यक्तिगत स्वतंत्रता भी उतनी ही आवश्यक है, क्योंकि बिना स्वतंत्रता के कोई भी रिश्ता केवल बंधन बन जाता है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि कानून, समाज और परिवार-तीनों मिलकर ऐसा संतुलन बनाएं, जिसमें विवाह संस्था भी सुरक्षित रहे और व्यक्ति की स्वतंत्रता भी सुरक्षित रहे। निश्चिततौर पर यह स्वीकार करना होगा कि जब रिश्ते टूट जाते हैं, तो व्यक्तियों को गरिमा के साथ आगे बढ़ने की अनुमति देना समाज के लिए खतरा नहीं है, बल्कि यह सामाजिक व्यवस्था का एक आवश्यक अनुकूलन है। दुनिया तेजी से बदल रही है, संस्कृतियाँ एक-दूसरे से जुड़ रही हैं और सोच भी बदल रही है। ऐसे समय में हमें परंपरा और आधुनिकता के बीच संघर्ष नहीं, बल्कि समन्वय का मार्ग खोजना होगा। रिश्तों का भविष्य न पूरी तरह परंपरागत होगा, न पूरी तरह आधुनिक, बल्कि दोनों के संतुलन से ही एक नई सामाजिक व्यवस्था का निर्माण होगा, जहाँ विवाह भी सम्मानित होगा और स्वतंत्रता भी सुरक्षित होगी।

# विक्रमादित्य महोत्सव : अतीत का पुनर्जन्म, भविष्य का उद्घोष, राष्ट्रचेतना का महाजागरण


-सुरेश गांधी

गंगा की धारा जब समय से संवाद करती है, तो इतिहास केवल स्मृति नहीं रहता, वह अनुभव बन जाता है। काशी की उसी अनंत चेतना में जब सम्राट विक्रमादित्य की गाथा गूंजी, तो लगा मानो सदियों पुराना स्वर्णिम भारत फिर से सांस लेने लगा हो। महाकाल की भस्म आरती, वैदिक मंत्रों की गूंज, घोड़ों की टाप और तलवारों की चमक के बीच मंच पर जो दृश्य उभरा, वह केवल एक नाट्य प्रस्तुति नहीं था, वह भारतीय आत्मा का पुनर्जागरण था। तीन दिवसीय “सम्राट विक्रमादित्य महोत्सव” का भव्य शुभारंभ काशी को कुछ घंटों के लिए प्राचीन भारत के उस युग में ले गया, जहां न्याय व्यवस्था केवल शासन नहीं, बल्कि धर्म था; जहां राजा केवल शासक नहीं, बल्कि लोककल्याण का प्रतीक था। मतलब साफ है गंगा के तट पर बसी काशी ने शुक्रवार की शाम केवल एक कार्यक्रम नहीं देखा, उसने अपने इतिहास को जीया।

बीएलडब्ल्यू के सूर्य सरोवर मैदान में जैसे ही महाकाल की भस्म आरती की झलक उभरी, वैदिक मंत्र गूंजे और घोड़ों की टाप के साथ सम्राट विक्रमादित्य मंच पर अवतरित हुए, पूरा परिसर जयघोष से थर्रा उठा। पूरी काशी को कुछ घंटों के लिए प्राचीन भारत के स्वर्णिम युग में बदल दिया। हजारों दर्शकों की भीड़ देर रात तक टकटकी लगाए उस इतिहास को देखती रही, जिसे अब तक किताबों में पढ़ा जाता था। यह मंचन अपने पैमाने और प्रस्तुति दोनों में असाधारण रहा। एक साथ तीन विशाल मंच, 225 कलाकार, 18 घोड़े, 2 रथ, 4 ऊंट, 1 हाथी और 1 पालकी, इन सबने मिलकर ऐसा दृश्य रचा कि दर्शक खुद को उसी कालखंड का हिस्सा महसूस करने लगे। सम्राट विक्रमादित्य का जन्म, राजतिलक, युद्ध कौशल, न्याय व्यवस्था, विक्रम-बेताल की कथा और धर्म रक्षा, हर प्रसंग को इतनी जीवंतता से प्रस्तुत किया गया कि हर दृश्य पर तालियों की गूंज उठती रही। हर दृश्य एक कहानी कहता था, सम्राट विक्रमादित्य का जन्म, उनका संघर्ष, राजतिलक, शकों पर विजय, न्याय की स्थापना और विक्रम-बेताल की रोचक कथा। मंचन की गति और संवादों की शक्ति ने दर्शकों को बांधे रखा।

सम्राट विक्रमादित्य के प्रवेश का दृश्य पूरे आयोजन का चरम था। जैसे ही वे मंच पर आए, दर्शकों के भीतर उत्साह की लहर दौड़ गई। उनकी वेशभूषा, संवाद अदायगी और व्यक्तित्व ने उस ऐतिहासिक चरित्र को जीवंत कर दिया, जिसे अब तक केवल कथाओं में सुना जाता था। घोड़ों की टाप और युद्ध के दृश्य इतने वास्तविक थे कि दर्शकों को लगा जैसे वे किसी ऐतिहासिक युद्ध के प्रत्यक्ष साक्षी हों। वैसे भी भारत की पहचान उसकी निरंतरता में है। यहां समय रुकता नहीं, बल्कि परंपरा बनकर आगे बढ़ता है। काशी में आयोजित यह महोत्सव उसी निरंतरता का सजीव उदाहरण बनकर सामने आया। यह आयोजन केवल अतीत को याद करने का प्रयास नहीं, बल्कि उसे वर्तमान में पुनर्स्थापित करने का साहसिक प्रयास था। दर्शक दीर्घा में बैठे हजारों लोग केवल दर्शक नहीं थे, वे उस युग के सहभागी बन चुके थे, जहां न्याय, पराक्रम और धर्म की स्थापना ही जीवन का उद्देश्य था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भाषण पूरे आयोजन का केंद्रीय बिंदु बनकर उभरा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य का मार्गदर्शन है। “सम्राट विक्रमादित्य केवल एक राजा नहीं थे, बल्कि न्याय, धर्म और लोककल्याण के प्रतीक थे। यह मंचन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है” योगी ने तीखे अंदाज में कहा कि एक समय समाज में खलनायकों को ही नायक के रूप में



प्रस्तुत किया गया, जिससे पीढ़ियां भ्रमित हुईं। उन्होंने मंच, सिनेमा और कला से जुड़े लोगों को संदेश दिया कि वे राष्ट्र और समाज को दिशा देने वाले आदर्श प्रस्तुत करें। उन्होंने काशी-उज्जैन के सांस्कृतिक संबंध को “एक भारत, श्रेष्ठ भारत” का जीवंत उदाहरण बताया और कहा कि काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद वैश्विक स्तर पर भारत की आध्यात्मिक पहचान और मजबूत हुई है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, “विक्रमादित्य का नाम न्याय, पराक्रम और सुशासन का पर्याय है। उनकी कीर्ति आज भी जनमानस में जीवित है” उन्होंने राम-लक्ष्मण, कृष्ण-बलराम और भर्तृहरि-विक्रमादित्य की जोड़ी का उल्लेख करते हुए भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को रेखांकित किया और कहा कि दोनों राज्य मिलकर पर्यटन और संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाने में जुटे हैं। कार्यक्रम में काशी और उज्जैन की सांस्कृतिक एकता विशेष रूप से दिखाई दी। महाकाल की भस्म आरती और विश्वनाथ की नगरी का यह संगम दर्शकों के लिए भावनात्मक क्षण बन गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि “एक भारत, श्रेष्ठ भारत” की भावना को यह आयोजन नई शक्ति देता है।

**गंगा की धारा जब समय से संवाद करती है, तो इतिहास केवल स्मृति नहीं रहता, वह अनुभव बन जाता है। काशी की उसी अनंत चेतना में जब सम्राट विक्रमादित्य की गाथा गूंजी, तो लगा मानो सदियों पुराना स्वर्णिम भारत फिर से सांस लेने लगा हो। महाकाल की भस्म आरती, वैदिक मंत्रों की गूंज, घोड़ों की टाप और तलवारों की चमक के बीच मंच पर जो दृश्य उभरा, वह केवल एक नाट्य प्रस्तुति नहीं था, वह भारतीय आत्मा का पुनर्जागरण था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मोहन यादव की उपस्थिति में आरंभ हुआ यह महोत्सव एक भारत, श्रेष्ठ भारत की उस जीवंत तस्वीर में बदल गया, जिसमें काशी और उज्जैन एक ही सांस्कृतिक सूत्र में बंधे नजर आए. तीन मंचों पर फैला यह महानाट्य दर्शकों के लिए लाइव इतिहास बन गया, जहां न्याय, धर्म, पराक्रम और लोककल्याण की वे गाथाएं जीवंत हुई, जिन्होंने भारत की आत्मा को आकार दिया। यह आयोजन बताता है कि भारत जब अपनी जड़ों को छूता है, तो वह केवल अतीत नहीं देखता, वह भविष्य गढ़ता है**

घड़ी : परंपरा और विज्ञान का प्रतीक

पूरे आयोजन का सबसे चर्चित और प्रतीकात्मक क्षण वह रहा, जब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 700 किलोग्राम वजनी “विक्रमादित्य वैदिक घड़ी” भेंट की। यह घड़ी केवल एक उपहार नहीं, बल्कि भारतीय कालगणना, विक्रम संवत और प्राचीन वैज्ञानिक ज्ञान की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। जो प्रकृति और ब्रह्मांड के साथ सामंजस्य स्थापित करती है। इसे काशी विश्वनाथ मंदिर में स्थापित किया जाना प्रस्तावित है, जिससे काशी और उज्जैन, दोनों प्राचीन ज्ञान केंद्र, एक सूत्र में बंधते दिखाई देंगे। यह वैदिक घड़ी भारतीय समय गणना की उस पद्धति को दर्शाती है, जो सूर्योदय से अगले सूर्योदय तक समय का आकलन करती है, यानी वह परंपरा, जो हजारों वर्षों से भारतीय जीवन पद्धति का आधार रही है। इस घड़ी की प्रस्तुति ने आयोजन को सांस्कृतिक ही नहीं, बौद्धिक और वैज्ञानिक विमर्श का भी केंद्र बना दिया।

सांस्कृतिक दृष्टि और राजनीतिक संदेश

इस आयोजन का एक महत्वपूर्ण पहलू उसका वैचारिक संदेश भी रहा। यह केवल सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं थी, बल्कि यह बताने का प्रयास था कि भारत की आत्मा उसकी परंपराओं में निहित है। ऐसे आयोजन यह स्पष्ट करते हैं कि जब समाज अपने आदर्शों को भूलता है, तो उसकी दिशा भटक जाती है; और जब वह अपने इतिहास से जुड़ता है, तो वह पुनः अपनी पहचान प्राप्त करता है।

तकनीक और परंपरा का अद्भुत मेल

हाईटेक लाइटिंग, एलईडी स्क्रीन, डिजिटल साउंड, स्मोक इफेक्ट और आतिशबाजी, इन सबने मंचन को सिनेमाई भव्यता दी। लेकिन इसके मूल में रही भारतीय परंपरा और शास्त्रीय प्रस्तुति ने इसे विशिष्ट बना दिया। बच्चों के लिए यह “लाइव इतिहास की किताब” बन गया, जबकि युवाओं के लिए अपनी पहचान से जुड़ने का अवसर।

प्रदर्शनी ने बढ़ाया आकर्षण

कार्यक्रम स्थल पर “आर्ष भारत”, “विक्रमादित्य और अयोध्या”, “84 महादेव”, “शिव पुराण” और मध्य प्रदेश के तीर्थ स्थलों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने दर्शकों को भारतीय परंपरा के विविध आयामों से परिचित कराया।

आयोजन नहीं, चेतना का पुनर्जागरण

काशी में शुरू हुआ यह महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की ऐतिहासिक चेतना, न्याय परंपरा और सांस्कृतिक आत्मविश्वास का पुनर्जागरण बनकर उभरा है। यह संदेश साफ है, भारत जब अपनी जड़ों से जुड़ता है, तो वह केवल इतिहास नहीं दोहराता, बल्कि भविष्य की दिशा तय करता है

काशी, उज्जैनः एकात्मता का जीवंत प्रतीक

इस महोत्सव ने काशी और उज्जैनकृदो प्राचीन सांस्कृतिक ध्रुवों, को एक सूत्र में पिरो दिया। महाकाल की भस्म आरती और काशी की आध्यात्मिक ऊर्जा का संगम दर्शकों के लिए अविस्मरणीय अनुभव बन गया। यह केवल धार्मिक एकता नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक एकात्मता का प्रतीक था।

दर्शकों का अनुभव : इतिहास का साक्षात्कार

कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों के लिए यह अनुभव अविस्मरणीय रहा। बच्चों के लिए यह “लाइव इतिहास” था, जबकि युवाओं के लिए यह अपनी पहचान से जुड़ने का अवसर। यह आयोजन केवल देखा नहीं गया, इसे महसूस किया गया, जिया गया।

सामाजिक संदेश : मूल्यों की पुनर्स्थापना

सम्राट विक्रमादित्य की गाथा के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि न्याय सर्वोपरि है, शासन का उद्देश्य लोककल्याण है, संस्कृति ही राष्ट्र की आत्मा है, आदर्श ही समाज को दिशा देते हैं.

भविष्य की ओर बढ़ता अतीत

काशी में आयोजित यह महोत्सव केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य का उद्घोष है। यह बताता है कि भारत जब अपनी जड़ों से जुड़ता है, तो वह केवल इतिहास को नहीं दोहराता, वह एक नई दिशा तय करता है। यह आयोजन एक संदेश है भारत एक जीवित सभ्यता है, जो हर युग में स्वयं को पुनर्जीवित करती है और हर बार पहले से अधिक प्रकाशमान होकर उभरती है।

# जलवायु परिवर्तन और युवाओं की भूमिका


-विक्रम दयाल

क्लाइमेंट चेंज क्या है? क्लाइमेंट चेंज पृथ्वी के तापमान में वृद्धि और मौसम के पैटर्न में बदलाव को कहते हैं। यह मुख्यरूप से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के कारण होता है, जैसे कि कार्बन डाइआक्साइड और मेथेन। क्लाइमेंटचेंज के प्रभावः क्लाइमेंटचेंज के कई प्रभाव हैंः जैसे किः- तापमान वृद्धिः

पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है, जिससे गर्म हवाएं और सूखे की स्थिति बन रही है। समुद्र स्तर वृद्धिः

समुद्र का स्तर बढ़ रहा है, जिससे तटीय क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति बन रही है। मौसम परिवर्तनः मौसम के

पैटर्न में बदलाव हो रहा है, जिससे तूफान, बाढ़, और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं। युवाओं की भूमिकाः युवाओं की भूमिका क्लाइमेंटचेंज को कम करने में बहुत महत्वपूर्ण हैः सस्टेनेबल लाइफ-

स्टाइलः युवाओं को सस्टेनेबललाइफस्टाइल अपनाना चाहिए, जैसे किः *प्लास्टिक का कम उपयोग। *उर्जा की बचत। *पौधे लगाना। *सार्वजनिक परिवहन का उपयोग। *एवारनेसः युवाओं को क्लाइमेंटचेंज के बारे मैं जागरुकता फैलानी चाहिए, जैसे किः सोशल मीडिया पर पोस्ट करना। सेमिनार आयोजित करना। स्कूल और कालेज में क्लाइमेंटचेंज के बारे में पढ़ाना । सक्रियताः युवाओ को क्लाइमेंटचेंज के खिलाफ लड़ने के लिए सक्रिय रहना चाहिए, जैसे किः विरोध प्रदर्शन मैं भाग लेना। पालिसी मेकर से बात करना। क्लाइमेंटचेंज के लिए काम करने वाले संगठनों में शामिल होना। जलवायु परिवर्तन के कारणः जलवायु परिवर्तन के कई कारण हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख हैंः *ग्रीनहाउस गैसों की उत्सर्जनः कार्बनडाइआक्साइड, मेथेन, और नाइट्रस आक्साइड जैसे ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन जलवायु परिवर्तन के प्रमुख कारण है। *वनस्पति विनाशः वनस्पतियों का विनाश और जंगलों की कटाई से कार्बन डाइआक्साइड का स्तर बढ़ता है। *औद्योगिक गतिविधियाँः औद्योगिक गतिविधियों से निकलने वाले प्रदूषण जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा देते हैं। मौसमी उथल पुथल क्यों होता है, आइये जानते हैं।

जलवायु परिवर्तनः जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम के पैटर्न में बदलाव होने के कारण मौसमी उथल पुथल होता है। वायुमंडलीय दबावः वायुमंडलीय दबाव में बदलाव के कारण मौसम में उथल पुथल होता है ।तापमान में बदलावः तापमान में बदलाव के कारण मौसम में उथल पुथल होता है। आर्द्रता मैं बदलाव

: आर्द्रता में बदलाव के कारण मौसम में उथल पुथल होता है। वायुमंडलीय धाराएंः वायुमंडलीय धाराएं, जैसे कि जेट स्ट्रीम, मौसम को प्रभावित करती है और मौसम में उथल पुथल का कारण बनती है। भारत में मौसमी उथल पुथल के कुछ उदाहरण हैंः- मानसूनः मानसून की हवाएं जून से सितम्बर तक चलती हैं और देश के अधिकांश हिस्सों में बारिश लाती हैं। पश्चिमी विक्षोभः पश्चिमी विक्षोभ की हवाएं सर्दियों में चलती है और देश को उत्तरी हिस्सों में बारिश और बर्फबारी लाती हैं। लव हवाएंः लव हवाएं गर्मियों में चलती हैं और देश के अधिकांश हिस्सों मे गर्मी और सूखे की स्थिति बन जाती है। मौसमी उथल पुथल के प्रकारः *चक्रवाती तूफानः चक्रवाती तूफान गर्म समुद्रों पर बनते हैं, जो तेज हवाएं और बारिश लाते हैं। आंधीः तेज हवाओं को ही आंधी कहते हैं, जो अचानक आती हैं और बड़े बड़े नुकसान कर जाती हैं। बाढ़ः भारी बारिश के कारण बाढ़ आती है, और नदियों के किनारे के क्षेत्रों में नुकसान पहुँचाती है। सूखाः सूखा तो कम बारिश की वजह से होता है और फसलों और पशुओं को नुकसान पहुँचाता है। मौसमी उथल पुथल के कई प्रभाव होते हैं जिसमें से कुछ प्रमुख हैं। जैसे नुकसान। जीवन की हानि। आर्थिक नुकसान।- वातावरण प्रदूषण। मौसमी उथल पुथल के बचावः मौसमी उथल पुथल के बचाव के लिए कई कदम उठाये जा सकते हैं। जिनमें से कुछ प्रमुख हैंः मौसम की जानकारी : मौसम की जानकारी रखने से मौसमी उथल पुथल के बारे में पता चलता है। सावधानीः मौसमी उथल पुथल के दौरान सावधानी बरतने से नुकसान कम होता है। आपदा प्रबंधनः आपदा प्रबंधन के लिए योजनाएं बनानी चाहिए । वातावरण संरक्षणः वातावरण संरक्षण से मौसमी उथल पुथल को कम किया जा सकता है।

# युद्ध अपराधी है डोनॉल्ड ट्रंप व नेतन्याहू


-तनवीर जाफरी

अमेरिका व इस्त्राईल द्वारा संयुक्त सैन्य अभियान चलाकर ईरान पर थोपे गये बलात युद्ध को पांच सप्ताह बीत चुके हैं। पूरी दुनिया में अपनी फजीहत होती देख राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने अब खिसियाहट में ईरान के आधारभूत ढांचों को नुक़्सान पहुँचाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में अमेरिका ने पिछले दिनों ईरान की राजधानी तेहरान और कराज को जोड़ने के लिए बनाये जा रहे राजधानी के सबसे ऊँचे सस्पेंशन ब्रिज को ध्वस्त कर दिया। लगभग 1 किलोमीटर से अधिक लंबे और 136 मीटर ऊँचे इस निमार्णाधीन हाई-राइज ब्रिज पर पिछले दिनों अमेरिका और इजराइल ने मिलकर दो बार एयरस्ट्राइक की। इन हवाई हमलों के परिणामस्वरूप पुल का बड़ा हिस्सा बर्बाद हो गया। इस हमले में कम से कम 8 लोग मारे गए और 100 से अधिक घायल हुए। इस हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इस पुल के ढहते हुए वीडियो शेयर कर ईरान को धमकी देते हुये लिखा कि “डील कर लो, वरना बहुत देर हो जाएगी”। उन्होंने लिखा कि अगर ईरान ने अपना रुख नहीं बदला तो “उस देश में कुछ भी नहीं बचेगा जो कभी महान देश बन सकता था,”। ट्रंप ने इस हमले को “अमेरिकी सेना की ताकत का छोटा नमूना” बताया और यह संकेत दिया कि अगर ईरान डील से मना करता है तो देश के पावर प्लांट, ट्रांसपोर्ट नेटवर्क आदि अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर भी अगले निशाने हो सकते हैं।

इसी अमेरिका ने युद्ध की शुरूआत में 28 फरवरी को ही ईरान के मिनाब शहर में शजारेह तैय्येबह बालिका प्राथमिक स्कूल की ईमारत पर टॉमहॉक मिसाइल मिसाइल से हमला कर लगभग 175 लोगों को शहीद कर दिया था इनमें अधिकांश स्कूल की बच्चियां शामिल थीं। स्कूल के पास ही दवाखाना व अन्य नागरिक सुविधाएं भी थीं। इसी हमले के चलते न केवल ईरान ने अमेरिका को युद्ध अपराध का दोषी ठहरा दिया था बल्कि दुनिया भर में भी इसे ‘युद्ध अपराध’ करार दिया गया। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के मूल सिद्धांतों के तहत जिनेवा कन्वेंशन्स 1949 व इसके एडिशनल प्रोटोकॉल्स 1977 के अंतर्गत युद्ध में रिहाइशी इलाकों,स्कूलों, अस्पताल, पानी की व्यवस्था संबंधित प्लांट्स, बिजली ग्रिड,पुल जैसे बुनियादी ढांचों पर हमले सामान्यतः नहीं किए जा सकते। ये युद्ध अपराध माने जाते हैं। युद्ध में लड़ाई के दौरान सैनिकों,सैन्य लक्ष्यों और नागरिकों व नागरिक सुविधा संबंधी वस्तुओं के बीच स्पष्ट अंतर करना जरूरी है।? परन्तु अमेरिका तो क्या उसकी शह व संरक्षण में युद्धरत इस्त्राइल को भी न तो मानवीय कानून की फिक्र है न ही जिनेवा कन्वेंशन्स में निर्धारित युद्ध के सिद्धांतों की। इसीलिये अपनी अपार शक्ति व सर्वोच्चता के नशे में चूर अमेरिका व उसके पिछलग्गू इस्त्राईल द्वारा हर संभव युद्ध अपराध किया जा रहा है।

गजा में तो नेतन्याहू के नेतृत्व में इस्त्राईल ने दरिन्दिगी का वह इतिहास रचा है जिसने युद्ध अपराध की सभी सीमाओं को पार कर दिया है। सरकारी आंकड़े बताते है कि 7 अक्टूबर 2023 से 25 मार्च 2026 तक इस्त्राईली सेना द्वारा 72,265 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं जबकि 1,71,959 लोग घायल हुए। यहाँ तक कि 10 अक्टूबर 2025 को लागू हुये युद्धविराम के बाद भी इस्त्राईल ने लगभग 700 लोगों को मार दिया है। हालाँकि कुछ स्वतंत्र अध्ययन कुल मौतों का आंकड़ा 75,000 से ज्यादा बता रहे हैं। स्वयं इस्त्राइली सेना ने जनवरी 2026 में 70,000 मौतों का आंकड़ा स्वीकार किया था। कुल लगभग 22-23 लाख की आबादी वाले इस इलाके में 19 लाख से ज्यादा लोग एक या कई बार विस्थापित हुए हैं। नतीजतन आज भी 17 लाख से ज्यादा लोग अस्थायी विस्थापन कैंप्स में रह रहे हैं। इनमें से ज्यादातर लोगों के घर-मकान नष्ट हो चुके हैं जिसके चलते लोग बेघर हैं। नेतन्याहू के इशारों पर यह हत्याएं घने रिहायशी इलाकों,स्कूल्स,बाजार,अस्पताल,स्कूल यहाँ तक कि शरणार्थी कैम्पस में और भूख की तपिश से जूझ रहे खाद्य सामग्री लेने की लाइन में लगे असहाय लोगों पर बम व गोले बरसा कर उनकी जान लेकर की गयी हैं। यही वजह है कि नेतन्याहू पर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने युद्ध अपराध वारंट जारी किया हुआ है। नेतन्याहू पर भुखमरी को युद्ध का हथियार बनाना, जानबूझकर नागरिक आबादी पर हमला निर्देशित करना,मानवता के खिलाफ अपराध,हत्या,उत्पीड़न व अन्य अमानवीय कृत्य जैसे युद्ध अपराध शामिल हैं। आज भी नेतन्याहू अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के भगौड़े अपराधियों की श्रेणी में शामिल हैं। परन्तु युद्ध अपराधी भगौड़ा नेतन्याहू अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को मान्यता नहीं देता। उल्टे इसे ‘यहूदी-विरोधी’ तथा राजनीतिक साजिश बताकर अपने युद्ध अपराध पर पर्दा डालने की कोशिश करता है।

इसी युद्ध अपराधी नेतन्याहू के जाल में फंसकर राष्ट्रपति ट्रंप भी युद्ध अपराध करते जा रहे हैं। ईरान को 'पाषाण युग' में पहुंचाने की उनकी धमकी इस बात का सुबूत है कि ऐसे मानसिक रोगी राजनीतिज्ञ की जगह जेल में होनी चाहिये। दुनिया को यह सोचना पड़ेगा कि आखिर क्या वजह है कि उनके सलाहकारों से लेकर सैन्य विभाग के अनेक बड़े अधिकारी तक इस अवैध युद्ध का विरोध करते हुये क्योंकर इस सनकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ खड़े होने के बजाये अपने इस्तीफे दे रहे हैं। नाटो सहित उसके कई सहयोगी देश खुलकर ट्रंप के ईरान में सैन्य हस्तक्षेप का विरोध कर रहे हैं। और आज ईरान की ताकत व उसकी रक्षात्मक व आक्रामक शक्ति का अंदाजा किये बिना ईरान पर हमला बोल देने और परणामस्वरूप अमेरिका द्वारा ऐतिहासिक क्षति का सामना करने से अमेरिका के महाशक्ति होने का जो भरम टूटा है उसका जिम्मेदार भी ट्रंप ही है। और इसी सन्दर्भ में ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरागची को यह कहना पड़ा है कि -'अधूरे बने पुलों समेत इंफ्रास्टक्चर पर हो रहे हमले ईरानियों को सरेंडर करने के लिये मजबूर नहीं कर सकते। यह केवल अव्यवस्था में फंसे दुश्मन की हार और उस के नैतिक पतन को दिखाता है। साथ ही अरागची ने यह भी कहा कि हर पुल और ईमारत को पहले से ज्यादा मजबूती के साथ बनाया जायेगा। परन्तु जिसकी कभी भरपाई नहीं हो पायेगी वह है अमेरिकी साख को हुआ नुकसान।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने भी अमेरिकियों के नाम एक खुला पत्र लिखकर कहा है कि वे युद्ध के प्रोपेगैंडा के धुंध से बाहर देखें और मनगढ़ंत खतरे को नकारें। राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने सवाल उठाया है कि क्या अमेरिका सचमुच 'अमेरिका फर्स्ट' को आगे रख रहा है या फिर वह केवल 'इजरायल के लिए एक प्रॉक्सी' के तौर पर काम कर रहा है? पेजेश्कियन ने आगे कहा कि ईरानियों के मन में अमेरिका, यूरोप या किसी भी पड़ोसी देश के प्रति कोई दुश्मनी नहीं है।' परन्तु सच्चाई तो यही है कि युद्ध अपराधी भगौड़े नेतन्याहू के चक्रव्यूह में उलझकर ट्रंप ने भी युद्ध अपराध को हीअंजाम दिया है। गोया डोनॉल्ड ट्रंप व नेतन्याहू दोनों ही युद्ध अपराधी हैं। -तनवीर जाफरी

## भिवंडी में बिल्डर से करोड़ों की रंगदारी मांगने जान से मारने की धमकी मामले में एक गिरफ्तार, दंपति फरार



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी में एक निर्माण व्यवसायी से करोड़ों रुपये की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। नारपोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपी पति-पत्नी फरार हैं। पुलिस के अनुसार, पीड़ित व्यवसायी और मुख्य आरोपी नवीन चिंतला के बीच 2012 से 2017 के बीच हुआ 36.50 लाख रुपये का लेन-देन पूरी तरह समाप्त हो चुका था। इसके बावजूद 2022 से आरोपी ने व्हाट्सऐप पर हथियार की फोटो भेजकर 1 करोड़ रुपये की मांग करते हुए धमकियां देना शुरू कर दिया। इसके बाद अलग-अलग समय पर 20 लाख, 50 लाख और 40 लाख रुपये की मांग की गई। पीड़ित के अनुसार, आरोपी के सहयोगी अल्ले नागराजू ने भी फोन कर गाली-गलौज करते हुए पैसे की मांग की और जान से मारने की धमकी दी।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच करते हुए अल्ले नागराजू को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मुख्य आरोपी नवीन चिंतला और उसकी पत्नी लया चिंतला के विदेश भागने की जानकारी सामने आई है। नारपोली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। घटना के बाद शहर के व्यापारी वर्ग में भय का माहौल है।

## शहर प्रमुख निलेश शिंदे द्वारा भव्य रोजगार मेले का आयोजन



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण पूर्व के शिवसेना शहर प्रमुख तथा नगरसेवक निलेश शिवाजी शिंदे के प्रयासों से आयोजित भव्य रोजगार मेळा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मेले को युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस मेले में 20,000 से 22,000 तक के वेतन के अवसर प्रदान किए गए, जिससे युवकों में विशेष उत्साह देखा गया। विनाशुल्क और पारदर्शक भरती प्रक्रिया के कारण उमेदवारों का विश्वास बढ़ा है। शहर प्रमुख निलेश शिंदे ने कहा,आज के स्पर्धात्मक युग में युवकों को उचित अवसर मिलना बहुत महत्वपूर्ण है। इस उद्देश्य से हमने यह रोजगार मेळा आयोजित किया। स्थानीय युवकों को उनके क्षेत्र में ही रोजगार के अवसर मिलें, यही हमारा मुख्य उद्देश्य है।

## सुभाष यादव बजरंग दल के वलसाड जिला अध्यक्ष नियुक्त




**वापी (उत्तरशक्ति)।** समाजसेवी सुभाष यादव को बजरंग दल के वलसाड जिला अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। वर्तमान में वे उमरगांव विधानसभा क्षेत्र में उत्तर यादव युवा संघ के अध्यक्ष के पद पर भी कार्यरत हैं। सुभाष यादव अपनी कार्यशैली, मेहनत और समर्पण के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखते हैं। वे हमेशा लोगों के सुख-दुख में तन, मन और धन से सहयोग करने के लिए तत्पर रहते हैं। इसके अलावा, वे पुलिस स्टेशन से लेकर कोर्ट-कचहरी तक के मामलों में सक्रिय भूमिका निभाकर आम जनता की सहायता करते रहे हैं। उनकी इसी सेवा भावना और निष्ठा को देखते हुए बजरंग दल के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति के बाद उमरगांव से लेकर वलसाड जिले तक के लोगों में खुशी की लहर देखी गई। उनके निवास स्थान पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा और उनका जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया गया। राष्ट्रीय प्रवक्ता कैलाश चंद्रधारी यादव ने उत्तर यादव युवा संघ तथा समस्त यदुवंशी समाज और उमरगांव वासियों की ओर से सुभाष यादव को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि सुभाष यादव आगे भी इसी तरह समाज सेवा करते हुए नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें।

## EMEDIX का विस्तार जारी, कंकड़बाग में नई शाखा शुरू

**मुंबई/पटना।** कंकड़बाग स्थित हाउसिंग कॉलोनी में EMEDIX Smart Pharmacy की नई शाखा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राकेश रौशन (भाजपा सदस्य) ने फीता काटकर स्टोर का उद्घाटन किया। फ्रेंचाइजी ओनर आर्यन राज ने बताया कि यह स्टोर क्षेत्र के लोगों को ब्रांडेड दवाइयाँ उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के साथ-साथ पारदर्शी और सुविधाजनक सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. प्रिया कुमारी, प्रज्ज्वल सिंह, स्वप्निल जैन, अधिवक्ता रोहित राज एवं श्री राजेंद्र प्रसाद उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने EMEDIX की संगठित फामेर्सी व्यवस्था की सराहना की। EMEDIX टीम की ओर से वकार सिद्दीकी (जनरल मैनेजर), शशांक दुबे , अमनदीप भारद्वाज (ऑपरेशंस मैनेजर) एवं स्नेहा कुमारी मौजूद रहे। इस अवसर पर GM वकार सिद्दीकी ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य आने वाले समय में अधिक से अधिक शहरों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए लोगों को किफायती और भरोसेमंद दवा सेवा उपलब्ध कराना है। नए स्टोर में ग्राहकों को आकर्षक छूट, होम डिलीवरी और स्मार्ट बिलिंग जैसी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

# नालासोपारा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज का वार्षिकोत्सव उत्साह से संपन्न

**प्रेम चंद मिश्रा**

**नालासोपारा (उत्तरशक्ति)।** नालासोपारा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज का नक्षत्र 2026 वार्षिकोत्सव लता मंगेशकर नाट्यगृह मिरा रोड मे बडे उत्साह से संपन्न हुआ। इसी वर्ष से शुरू किया गया आंतर महाविद्यालयीन फॅशन शो प्रतियोगिता'अदा- द वॉक ऑफ ग्रेसस'का आयोजन किया गया जिसमे मुंबई के कई कॉलेजने हिस्सा लिया' फिल्मी दुनिया के मशहूर कलाकार अरमान साहिल नेहा पटेल और दीपा देव ने प्रतियोगिता के जज की भूमिका निभाई और तीन विनिंग टीम घोषित की। इस कार्यक्रम मे प्रमुख अतिथी के रूप मे वरिष्ठ पत्रकार दवींद्र खन्ना उपस्थित थे। इसमे प्रथम क्रमांक आर ए पोद्दार आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज, वरळी,द्वितीय



क्रमांक नालासोपारा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज, नालासोपारा और तृतीय क्रमांक रिद्धी विनायक नर्सिंग कॉलेज नालासोपारा को मिला। इसमे बेस्ट वॉक के लिए शर्वरी परब,लक्ष्मी परिहार और बेस्ट कॉस्ट्यूम के लिए शिवानी प्रभू और प्रतीक्षा जाधव के नाम घोषित किये गये।

इसके बाद वार्षिक उत्सव नक्षत्र 2025 -26 मे विद्यार्थीयों ने नृत्य,नाटिका, गाना,फॅशन शो जैसे कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम किये' इसके साथ ही साल भर हुए कला, क्रीडा और शैक्षणिक प्रतियोगिता में प्रथम क्रमांक पाने वाले सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरित किये गये' प्रथम वर्ष आयुवेर्दाचार्य विशाखा कट्टे ,द्वितीय वर्ष आयुवेर्दाचार्य कशिश पोतदार अंतिम वर्ष आयुवेर्दाचार्य वैभवी सोनवणे. राष्ट्रीय सेवा योजना मे लगातार शानदार काम करने वाले विद्यार्थी प्रणव महाजन को 'एन एस एस एक्सेलन्स अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथी डॉ.उदय निरगुडकर ने वार्षिक पत्रिका कृती - द वर्ल्ड ऑफ एन ए एम सी 2025 -2026 का विमोचन किया। जिसमे कॉलेज की साल भर होने वाली सभी गतिविधियों की झलक प्रस्तुत की गई है। कार्यक्रम में संस्था के कोषाध्यक्ष शामसुंदर दुबे,अध्यक्ष जयप्रकाश दुबे संस्था के सचिव एवं महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ.ओमप्रकाश दुबे, संस्था की विश्वस्त एवं स्त्रीरोग प्रसूती तंत्र विभाग प्रमुख डॉ. ऋजुता दुबे महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.हेमलता शेंडे, महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी, अभिभावक शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थी परिषद के जनरल सेक्रेटरी गौरव मिश्रा ने सभी को धन्यवाद किया।

## उत्तर भारतीय एकता मंच द्वारा आई आई टी पवई में माता की चौकी का आयोजन



**मुम्बई (उत्तरशक्ति)।** पवई के आई आई टी . में उत्तर भारतीय एकता मंच की ओर से माता की चौकी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में भक्तों ने उपस्थित होकर महाप्रसाद ग्रहण किया । माता की चौकी में प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में बतौर मुख्य अतिथि विधायक सुनील राउत , नगरसेवक चंदन शर्मा , समाजसेवी प्रशांत शर्मा, उत्तर भारतीय संघ मुंबई युवा मोर्चा के अध्यक्ष संजय सिंह, नवभारत के संपादक बृजमोहन पाण्डेय, प्रमोद तिवारी (पोपट), रोहित उपाध्याय, महावीर माहला, आनंद गुप्ता अग्रहरि, मोनू भट्टी, ओमप्रकाश जायसवाल, दिनेश मिश्रा, अमित गोयल, अरविंद गुप्ता, अमिताभ सिंह, लोकेश मिश्रा, प्रभात तिवारी, मोहित तिवारी , छेदी प्रसाद गुप्ता, जयवंत काटे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। माता की चौकी में अंतर्राष्ट्रीय लोक गायक राकेश तिवारी बब्लू ने देवी गीत गाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# भिवंडी के बी एन एन महाविद्यालय में भव्य रोजगार मेले में 450 छात्रों का हुआ साक्षात्कार

**आचार्य सूरजपाल यादव**

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** पद्मश्री अण्णासाहेब जाधव भारतीय समाज उन्नति मंडल के बी.एन.एन. महाविद्यालय में शनिवार को मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से भव्य कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस जॉब फेयर में विभिन्न क्षेत्रों की नामांकित कंपनियों ने भाग लिया, जिसमें करीब 450 विद्यार्थियों ने नौकरी के लिए साक्षात्कार दिए। इस दौरान महाविद्यालय के कई छात्रों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के महासचिव एडवोकेट रोहित जाधव के हस्ते किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध

### कई छात्रों को मिला रोजगार का अवसर



कराई गई इस सुनहरे अवसर का पूरा लाभ उठाना चाहिए। विद्यार्थियों का हित ही पद्मश्री अण्णासाहेब जाधव का सपना रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डा. शशिकांत म्हालुंकर ने कहा कि विद्यार्थियों को कैरियर के पहले अवसर को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि शुरूआत भले ही कम वेतन से हो, लेकिन आगे चलकर यही अनुभव बड़े अवसरों का द्वार खोलता है। इस रोजगार मेले का आयोजन संस्थाध्यक्ष डा. विजय जाधव और कार्याध्यक्ष बालकृष्ण काळे के मार्गदर्शन में किया गया। इस जॉब फेयर में बैंकिंग व फाइनेंस, सूचना प्रौद्योगिकी, एंटरटेनमेंट व मीडिया तथा मानव संसाधन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों की कंपनियों ने भाग लिया। इनमें एसएनचर, वीडीबीएस, एफएमसीजी, ट्रेंट लीड, आई प्रोसेस, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेस, एसबीआई जनरल, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, आदित्य बिर्ला कैपिटल, पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड, वीए एचआर मैनेजमेंट ग्रुप सहित कई प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल रहीं। कार्यक्रम की प्रस्तावना उपप्राचार्य डा. सुधीर निकम ने दी, जबकि संचालन प्रा. तनजिल नाचन और प्रा. नीलम सेन ने किया। आभार उपप्राचार्य व आईक्यूएसी समन्वयक डा. कुलदीप राठौड ने व्यक्त किया। इस अवसर पर उपप्राचार्य डा. सुरेश भदरगे तथा मॅजिक बस इंडिया फाउंडेशन के अभिजीत शिरसाट भी उपस्थित रहे। इस रोजगार मेले को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## क्षत्रिय गौरव सेवा संस्था के संस्थापक सुधाकर सिंह बिसेन का हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया जन्मदिन

**मुंबई (उत्तरशक्ति / अजीत सिंह)।** क्षत्रिय गौरव सेवा संस्था के संस्थापक एवं प्रख्यात समाजसेवी सुधाकर सिंह बिसेन का जन्मदिवस 5 अप्रैल 2026 को पूर्वांचल ग्लोबल फाउंडेशन के तत्वावधान में नवी मुंबई में अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उदय प्रताप सिंह, विक्रम प्रताप सिंह, मनोज सिंह, कौशलेंद्र सिंह, संतोष सिंह, ठाकुर विजय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार रजीव रंजन सिंह, जी एस टी एवं कस्टम अधिकारी एस. पी.



सिंह, आशुतोष सिंह एवं आकाश सिंह जैसे विभूतियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इन महानुभावों ने श्री बिसेन द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की और उनके दीघार्यु, स्वस्थ एवं उज्ज्वल जीवन की कामना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हेमंत सिंह, प्रमोद सिंह, अनिल सिंह, विनोद सिंह, संतोष सिंह एवं मनोज सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, सम्मान समारोह तथा केक कटिंग जैसे विशेष आयोजन किये गये, जिनमें राजपुताना गायक अमर सिंह रघुवंशी का सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। समारोह के दौरान आयोजनकताओं ने सभी अतिथियों, सहयोगियों और उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनकी उपस्थिति और सहयोग से कार्यक्रम सफल एवं यादगार बन सका। आयोजकों ने अपने सम्बोधन में भविष्य में भी समाजहित में इसी तरह के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## भिवंडी में हर्षोल्लाश के साथ मनाई गयी बाबू जगजीवन राम की 118वीं जयंती, भारतरत्न देने की उठी मांग

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं दलित समाज के प्रख्यात नेता बाबू जगजीवन राम की 118वीं जयंती रविवार को भिवंडी में बड़े उत्साह के साथ मनाई गई।

यह कार्यक्रम राष्ट्रसंत रविदास समाज प्रबोधन मंडल महाराष्ट्र और पद्मश्री अण्णासाहेब जाधव भारतीय समाजोन्नती मंडल के संयुक्त तत्वावधान में संस्था के स्व. पुष्पलता जाधव सभागृह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थाध्यक्ष विजय जाधव ने की। इस अवसर पर भारतरत्न से वंचित युगपुरुष दलितों के मसीहा बाबू जगजीवन राम विषय पर परिसंवाद का आयोजन किया गया। इसमें बाबू जगजीवन राम ट्रस्ट, नई दिल्ली के विश्वस्त जितेंद्र खैरे, भगवान रविदास कम्युनिटीज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट डा. राजू रोजोदकर, कांग्रेस इंटक उपाध्यक्ष लक्ष्मण घुमरे, चर्मकार ऐक्य परिषद महाराष्ट्र के



अध्यक्ष संजय खामकर, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के महाराष्ट्र महासचिव संजय थोरात तथा संत ककैया विकास संस्था के सचिव राजेश खंदारे ने अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रसंत रविदास समाज प्रबोधन मंडल के प्रमुख कार्यवाह एडवोकेट दिलीप वालंज ने प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए बाबू जगजीवन राम के कार्यों का विस्तृत उल्लेख किया। साथ ही उन्हें मरणोपरांत भारतरत्न देने की मांग को लेकर चलाए जा रहे राज्यव्यापी हस्ताक्षर अभियान की जानकारी दी। स्वागताध्यक्ष प्रा. डा. नितिन भारस्कर ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी वक्ताओं और समाज बांधवों ने एक स्वर में बाबू जगजीवन राम को भारतरत्न देने तथा ठाणे-पालघर जिले में दलित-आदिवासी समाज को शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने वाले पद्मश्री अण्णासाहेब जाधव को महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार से सम्मानित करने की मांग की।

कार्यक्रम का सूत्र संचालन प्रा. प्रफुल्ल केदारे और नरेश वालंज ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## मीरा भायंदर में वसूली पर बवाल: फेरीवालों से 80 से 230 रुपये तक वसूली, नगरसेविका नीला सोंस ने उठाई आवाज

**उदयभान गुप्ता**

**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा-भायंदर महानगर पालिका के प्रभाग 18 स्थित मंगल नगर मार्केट में फेरीवालों से अचानक बढ़ी वसूली को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। जहां पहले फेरीवालों से 80 रुपये लिए जाते थे, वहीं अब यह रकम बढ़ाकर 230 रुपये कर दी गई है। इस अचानक बढ़ोतरी से फेरीवालों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। फेरीवालों का आरोप है कि ठेकेदार और मनपा प्रशासन मिलकर उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रहे हैं। उनका कहना है कि बिना किसी आधिकारिक सूचना या पारदर्शिता के शुल्क में इतनी बड़ी वृद्धि करना अन्यायपूर्ण है। कई




फेरीवालों ने चेतावनी दी है कि यदि यह बढ़ी हुई वसूली वापस नहीं ली गई तो वे आंदोलन और अनशन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। इस मुद्दे पर नगरसेविका नीला सोंस खुलकर फेरीवालों के समर्थन में सामने आई हैं। उन्होंने मनपा प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि गरीब फेरीवालों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच की मांग करते हुए जिम्मेदार ठेकेदारों और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही है। नीला सोंस ने यह भी कहा कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे खुद आंदोलन में उतरेंगी और फेरीवालों के हक की लड़ाई सड़क पर लड़ेंगी। फिलहाल इस मामले ने स्थानीय राजनीति और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि मनपा इस बढ़ते विवाद पर क्या कदम उठाती है।

## मीरा रोड के स्पा सेंटर में देह व्यापार का भंडाफोड़, 2 गिरफ्तार, 2 पीड़ित युवतियां रेस्क्यू

**मीरा-भायंदर (उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत मीरा रोड क्षेत्र में चल रहे एक स्पा सेंटर में देह व्यापार के अवैध धंधे का पुलिस ने पदार्फाश किया है। इस कार्रवाई में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है,जबकि 2 पीड़ित युवतियों को रेस्क्यू किया गया है। पुलिस को मीरा रोड ईस्ट स्थित काशीमीरा पुलिस स्टेशन क्षेत्र के मीरा-भायंदर रोड पर शालीभद्रा बिल्डिंग के शॉप नंबर 3 में संचालित मीरा स्पा सेंटर में मसाज की आड़ में वेश्यावृत्ति चलने की गुप्त सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर गणपत पिंगले के मार्गदर्शन में टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने बोगस ग्राहक और पंच को स्पा सेंटर में भेजकर जाल बिछाया और पुष्टि होने के बाद छापा मारा। छापेमारी के दौरान स्पा सेंटर से एक कैशियर और एक कर्मचारी को हिरासत में लिया गया। साथ ही दो पीड़ित युवतियों को देह व्यापार के चंगुल से मुक्त कराया गया। जांच में सामने आया कि स्पा सेंटर में ग्राहकों से करीब 10,000 रुपये लेकर मसाज के नाम पर लड़कियां उपलब्ध कराई जाती थीं।




स्पा सेंटर के मालिक की साकीनाका अंधेरी में दीप स्पा सेंटर नाम से एक और शाखा होने की जानकारी भी सामने आई है। कार्रवाई के दौरान एक मैनेजर मौके से फरार हो गया, जबकि स्पा सेंटर का संचालक/मालिक भी फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनों को वांटेड घोषित किया है। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 143(3), 3(5) तथा पीटा एक्ट की धारा 3, 4, 5, 6 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। रेस्क्यू की गई दोनों युवतियों को सुरक्षित रूप से बोईसर (पालघर) स्थित सुधारगृह भेजने की प्रक्रिया जारी है। यह पूरी कार्रवाई, जोन एक के डीसीपी राहुल चौहाण, और एसीपी गणपत पिंगले के मार्गदर्शन में काशीगांव पुलिस स्टेशन के पीआई संतोष खांडेकर एवं उनकी टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई।



नीम करौली बाबा

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com


डॉ. वकील नज़ीर इण्टर कालेज
ADDMISSION OPEN
2026- 27
फाउंडर & मैनेजर
डॉ. वकील अहमद नजीर
80094 80093
असिस्टेंट मैनेजर
मो0 राफे शमीम
(M.B.A)
निकट- करीमगंज, मानी कलाँ, शाहगंज, जनपद -जौनपुर (उ0प्र0)- 222139


मो. 7897031065, 9889373010
लालमनी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेन्टर
स्थान- मेडिकल कॉलेज के सामने, सिद्दीकपुर, जौनपुर.
हमारे अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सक
डॉ. दिलीप कुमार सरोज
MBBS-M.S. ORTHO
हड्डी रोग विशेषज्ञ • On Call
डॉ. चंचला मिश्रा
MBBS-M.S.
स्त्रीरोग विशेषज्ञ • सुबह 10 से शाम 4 तक
डॉ. दिनेश कुमार
MBBS.MD. (GENERAL MEDICINE)
IMS - BHU 24 घण्टे
डॉ. प्रभाकर उपाध्याय
MBBS-M.S.
(जनरल सर्जरी) • On Call
डॉ. सुनील दुबे
MBBS-M.S.
(जनरल सर्जरी) • On Call
डॉ. अरविन्द कुमार यादव
MBBS-M.D.
बाल रोग विशेषज्ञ • प्रतिदिन
उपलब्ध सुविधाए-
• OT (MODULAR OT)
• VENTILATOR
• DIGITAL X-RAY
• PATHOLOGY
• ICU
• ABG
• BiPAP
• ECG


ISO 9001: 2015 CERTIFIED
आशीर्वाद हॉस्पिटल
डा. विनोद कन्नौजिया
एम.बी.बी.एस., एम.एस. ( आर्थो सर्जन )
ट्रामा एण्ड ज्वाइन्ट रिप्लेसमेन्ट सर्जन
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
दूरबीन (Arthroscopy) विधि द्वारा Ligament Repair (ACL, PCL, Etc.) की सुविधा उपलब्ध।
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत समस्त रोगों का नि:शुल्क इलाज
Policetechnical Chauraha, Jaunpur
9415287571, 8953320461
9838639567, 7839059070
जनपद का प्रथम जापानी तकनीकी से निर्मित अध्यायुविक IVF (टेस्ट ट्यूब बेबी) सेन्टर
ASHIRWAD IVF
& FERTILITY CENTER
Embrance Your Life's Most Precious Gift
डा. अन्जू कन्नौजिया
एम.बी.बी.एस., एम.एस.कन्सलटेन्ट आब्सटेट्रिक्स &
गायनकोलोजिस्ट एण्ड इनफर्टिलिटी स्पेशलिस्ट
इक्सी टेस्ट ट्यूब बेबी विशेषज्ञ
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
पता : पालिटेक्निक चौराहा, जौनपुर


Reg. No. JNP/228
Mob. 9554188080
ABEEHA
Diagnostic Center
अबीहा
डायग्नोस्टिक सेन्टर
24/7 Emergency Services
ULTRASOUND
PATHOLOGY
Shahganj Padaw, Pani Tanki, In Front of Mandir, Jaunpur


EDEN PUBLIC SCHOOL
C.B.S.E. AFFILIATED (10+2) ENGLISH MEDIUM
Nursery to IX & XI Science, Commerce & Art
नूरजहाँ गर्ल्स हायर सेकण्ड्री स्कूल
2026-27
ADMISSION OPEN
Founder/Chairmain
Pervez Alam (Bhutto)
Add- Imranganj, Shahganj, Jaunpur (UP) 223101


नया सत्र
Educate A Girl....
Educate A Family....
Best Educationist Award by Deputy CM Shri Brajesh Pathak
मॉडर्न कान्वेंट स्कूल
कक्षा- नर्सरी से 11 तक
अंग्रेज़ी माध्यम
Established Since 1999
With good quality of education
E-mail: modernconventschool007@gmail.com
www.mcsshools.com
प्रवेश प्रारम्भ
2026-27
7518714123
8960117268
7007016231
प्रबंधक
डॉ0 आबिद खान
निकट- हबीब हॉस्पिटल के पास खेतसाराय, जौनपुर

